बैठक ▶ कलेक्टर ने अवैध परिवहन, खनन और मादक पदार्थों की रोकथाम करने दिए निर्देश

# जनहित कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : मारव्या



**डिंडौरी नवभारत 11 अगस्त।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को कलेक्टर नेहा मारव्या की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों मे किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण, योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाने, तथा अवैध परिवहन, खनन और मादक पदार्थों की रोकथाम पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए।

बैठक में पेंशन, समग्र रजिस्ट्रेशन, ई-केवाईसी, खाद-बीज वितरण, राजस्व एवं वन अधिकार पत्र, राहत प्रकरण, अतिवृष्टि/बाढ़ से हुई क्षति, सर्पदंश, किसान पंजीयन, राजस्व वसूली, ई-ऑफिस संचालन और सीएम हेल्पलाइन की प्रगति पर विस्तृत समीक्षा की गई।

### सीईओ को दी कार्यवाही की चेतावनी

कलेक्टर ने कम कार्यदक्ष जनपद सीईओ पर कार्रवाई की चेतावनी दी और मुख्यालय से लगातार अनुपस्थित पाए गए उद्यानिकी विभाग अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब देने को कहा। बैठक में अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर वैद्यनाथ वासनिक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## नवागत अपर कलेक्टर यादव ने संभाला पदभार

**डिंडौरी नवभारत 11 अगस्त।** सोमवार को नवागत अपर कलेक्टर जेपी यादव ने पदभार ग्रहण किया। वे 2014 बैच के राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं। श्री यादव इसके पूर्व मंडला जिले में पदस्थ रहे।



पदभार ग्रहण के पश्चात उन्होंने जिले में प्रशासनिक कार्यों की प्राथमिकताओं पर चर्चा की और कहा कि वे आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए तत्परता से कार्य करेंगे। श्री यादव ने जिले के विकास कार्यों को गति देने एवं शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर देने की बात कही।



# चार प्रकरणों की जांच करेंगे एसडीएम

▶ जिला नजूल प्रवर्तन समिति की बैठक आयोजित

**डिंडौरी नवभारत 11 अगस्त।** कलेक्टर नेहा मारव्या की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला नजूल प्रवर्तन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीएचई, स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन विभाग एवं एनयूडीए विभाग के प्रकरण रखे गए।

बैठक में कुल 15 प्रकरण समिति के समक्ष प्रस्तुत किए गए, जिनमें से पीएचई विभाग के 2 प्रकरण एवं स्वास्थ्य विभाग के 2 कुल 4 प्रकरणों को पुनः जांच के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों (एसडीएम) को भेजे गए। सीएमएचओ के 1 प्रकरण ग्राम धनुआसागर में उप स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण हेतु भूमि आवंटन की स्वीकृति प्रदान की गई है। बैठक में अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी, एमपीईबी राकेश बघेल, पीएचई से अफजल इमाम उल्ला, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमेश मरावी, एसडीओ फॉरेस्ट, जिला आयुष अधिकारी डॉ. संतोष परस्ते, जल निगम, राजस्व निरीक्षक नजूल सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आरक्षित सरकारी जमीन पर दिए गए पट्टे निरस्त

▶ कलेक्टर ने दिखाई सख्ती, कहा- नियम विरुद्ध बांटे गए थे पट्टे

**डिंडौरी नवभारत 11 अगस्त।** शहर की शासकीय प्रयोजन हेतु आरक्षित भूमि पर नियम विरुद्ध बांटे गए पट्टों को कलेक्टर डिंडौरी ने सख्त कार्रवाई करते हुए निरस्त कर दिया। यह आदेश 8 अगस्त 2025 को मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता की धारा 146 के तहत पारित किया गया।

जानकारी में बताया गया कि ग्राम मौजा डिंडौरी की नजूल भूमि, जो शासकीय आवास निर्माण एवं बस स्टैंड के लिए पूर्व से ही आरक्षित थी, पर वर्ष 2023 में कई व्यक्तियों को धारणाधिकार के तहत पट्टे जारी किए गए थे।

### इन्हें मिले थे पट्टे

जिन्हें पट्ट आवंटित किए गए थे उनमें शीट नंबर 2, प्लॉट नंबर 33/1, रकबा 128.6 वर्गमीटर— मंजू द्विवेदी पति एसके द्विवेदी, शीट नंबर 2, प्लॉट नंबर 33/1, रकबा 156.41 वर्गमीटर— सुमन बनावल पति राजकुमार बनावल, शीट नंबर 2, खसरा नंबर 22, रकबा 1,14,005 वर्गफुट— महेश प्रसाद झारिया पिता शिवगुलाम झारिया, शीट नंबर 2, प्लॉट नंबर 33/1, रकबा 55.74 वर्गमीटर— संध्या यादव पिता नवल किशोर यादव, शीट नंबर 6, प्लॉट नंबर 31, रकबा 98,274 वर्गफुट— अरूण अवधिया पिता भागचंद अवधिया (बस स्टैंड हेतु आरक्षित) शामिल है।

### कलेक्टर की चेतावनी

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि आरक्षित शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा, हस्तांतरण या नियम विरुद्ध पट्टा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में इस तरह के मामलों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पट्टाधारकों ने नोटिस का जवाब नहीं दिया

तहसीलदार और अनुविभागीय अधिकारी की संयुक्त रिपोर्ट में पाया गया कि यह सभी पट्टे शासकीय प्रयोजन हेतु आरक्षित भूमि पर जारी किए गए थे, जो पूरी तरह नियमों के विपरीत है। संबंधित पट्टा धारकों को पहले ही नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था, लेकिन कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। परिणामस्वरूप कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने सभी पट्टे तत्काल प्रभाव से निरस्त करने का आदेश पारित किया।

## प्रतिमा चोरी के मामले में तीन संदिग्ध गिरफ्तार

**नवभारत, दमोह 11 अगस्त।** बांदकपुर के सड़िया गांव में चोरी गई भैरव बाबा की प्रतिमा मिट्टी में दबी मिलने से क्षेत्रवासियों आक्रोश कम हुआ और क्षेत्रवासियों ने कहा कि गड़े धन की लालच में तीन व्यक्तियों को संदिग्ध परिस्थितियों में अभिरक्षा में लिया है, जिनसे एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंघी, चौकी प्रभारी एएसआई राजेंद्र मिश्रा पूछताछ कर रहे. चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि बब्लेश, चंदन और एक जेसीबी चालक को अभिरक्षा में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है.



# बाइकों की भिड़ंत, मामा-भांजे सहित 3 की मौत, 3 गंभीर

**उमरिया,नवभारत 11 अगस्त।** । बरही - अमरपुर मार्ग में मोटर साईकिलों की सीधी भिड़ंत में मामा-भांजे सहित 3 व्यक्तियों की अकाल मौत हो गई तो वहीं 4 अन्य बाईक सवार घायल हुए हैं, सभी घायलों को स्वास्थ्य केंद्र बरही में भर्ती कराया गया, जिनमें 3 की हालत गंभीर होने पर कटनी रेफर कर दिया गया है।

यह भीषण सड़क हादसा तहसील मुख्यालय बरही से 10 किलोमीटर दूर उमरिया जिले के अमरपुर में सोमवार की शाम हुआ है, जिसमें कटनी जिले के बरही तहसील के15 वर्षीय अनुज पिता भगवानदास कोल और उसके मामा 22 साल के अनिल कोल ग्राम खिरवा-घूनौर सहित एक अन्य युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घायल वीर पिता आयका कोल18 वर्ष निवासी मुगवानी, पुनीत पिता सुरेश सेन 18 वर्ष मुगवानी, सूरज पिता संतोष कोल15 वर्ष निवासी पथरहटा, पुष्पराज पिता प्यारे लाल 28 वर्ष पथरहटा, जिला उमरिया घायलहैं, जिनमें 3 घायलों की हालत गंभीर होने पर कटनी रेफर कर दिया गया है।

▶ एक नजर में ◀

## फिर लहराएगा 100 फीट ऊंचा तिरंगा

**शहपुरा नवभारत 11 अगस्त।** नगर परिषद शहपुरा परिसर में स्थित 100 फीट ऊंचे तिरंगे झंडे को जल्द ही पुनः लहराया जाएगा। विगत 6 माह से खराब तारों के कारण झंडा नहीं लगाया जा सका था। पूर्व में लगाए गए निम्न गुणवत्ता के तार खराब होने से खंभे की तकनीकी दिक्कतें बढ़ गई थीं, जिसके चलते तिरंगे को अस्थायी रूप से हटा दिया गया था। वर्तमान नगर परिषद ने इस विषय को प्राथमिकता दी और खंभे का मेंटेनेंस उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा कराया। अब तिरंगे को फिर से स्थापित करने की तैयारी है। नगरवासियों का कहना है कि तिरंगे के पुनः लहराने से क्षेत्र में देशभक्ति और गर्व की भावना और प्रबल होगी।



## रिश्तों की डोर में बंधा राखी पर्व

**शहपुरा नवभारत 11 अगस्त।** शहपुरा क्षेत्र में भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। सुबह से ही घर-घर में त्यौहार की रौनक देखने को मिली। बहनों ने थाल सजाकर उसमें राखी, अक्षत, रोली, दीपक और मिठाई रखकर तैयारियां शुरू कीं। जैसे ही शुभ मुहूर्त आया, बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधते हुए उनके लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद भाइयों ने भी बहनों को मिठाई खिलाकर उन्हें उपहार दिए और जीवनभर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया। त्यौहार के दौरान शहपुरा नगर के साथ-साथ आसपास के गांवों में भी पारिवारिक मिलन का माहौल देखने को मिला। घरों में रिश्तेदारों और मित्रों का आना-जाना लगा रहा, जिससे पूरा दिन उत्साह और उमंग से भरा रहा। बच्चे भी इस मौके पर नए कपड़े पहनकर खुश नजर आए और एक-दूसरे को राखी बांधते दिखाई दिए। दुकानों पर मिठाई और उपहार की खरीदी दिनभर जारी रही, जबकि बाजारों में भी त्यौहार की चहल-पहल बनी रही।



## नकली राजश्री का मामला ठंडे बस्ते में

**नवभारत उमरिया 11 अगस्त।** बीते दिनों पाली में एक किराना व्यापारी के यहां से नकली राजश्री गुटखा के व्यापक मात्रा में पकड़ में आने की खबरें समाचार पत्रों की सुर्खियों में रहीं, लेकिन मामले में कोई वैधानिक कार्यवाही किये बिना ही रफा-दफा कर दिया गया। पाली पुलिस की उपस्थिति में यह छापा मार कार्यवाही की गयी थी, जबकि कार्यवाही में खाद्य विभाग और राजस्व अमले की गैर मौजूदगी कई सवाल खड़े करती है। हरीश किराना स्टोर जहां पर नकली राजश्री गुटखा पकड़ा गया है, वह राजश्री गुटखा का विक्रेता है, न कि निर्माणकर्ता। इसलिए नकली राजश्री उत्पादनकर्ता के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई कर नकली राजश्री का भंडाफोड़ होता और नकली उत्पाद पर रोक लग जाती, लेकिन पाली पुलिस ने इसके खिलाफ व्यापक पैमाने पर अभियान छेड़ने की बजाय जो मिल गया उसी में संतोष कर मामले को सदा के लिए दफन कर दिया।



**एसपी से की गई कार्यवाही की मांग-** विदित हो कि गुटखा वैसे भी धीमा जहर है, जिसके सेवन से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी हो सकती हैं, लेकिन नकली राजश्री खुले बाजार में बिकती नजर आ रही है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया कजलियां पर्व

**शहपुरा नवभारत 11 अगस्त।** शहपुरा, मेंहदवानी और आसपास के अनेक गांवों में रविवार को कजलिया पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। सावन माह के अंतिम सोमवार को मनाए जाने वाला यह पर्व क्षेत्र की आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।

सुबह से ही नगर और गांवों में कजलिया बनाने की तैयारियां शुरू हो गईं। महिलाएं पूजा-अर्चना कर मिट्टी के बर्तन और बांस की टोकरी में कजलिया सजाकर तैयार करती रहीं। शहपुरा में भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा के साथ पर्व का आगाज हुआ। श्रद्धालु सिर पर कजलिया और हाथों में कलश लिए नगर भ्रमण पर निकले। ढोल-ढमाकों और बैंड-बाजों की धुन पर नाचते-गाते लोग धार्मिक गीत गाते हुए आगे बढ़ते रहे। मेंहदवानी में भी इसी परंपरा का पालन करते हुए ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोग कजलिया लेकर नदी किनारे पहुंचे।



**कजलियों का किया गया विसर्जन-** आसपास के ग्राम जैसे कठौतिया, जिमरा, मानिकपुर, शहपुरा टिकरिया, बरौदी, पड़रिया, कछारी, सलैया, बरोदा, रैपुरा, देवरी, पड़रिया कला, लालपुर में भी लोगों ने सामूहिक रूप से पर्व मनाया। पर्व का मुख्य आकर्षण सामूहिक विसर्जन रहा, जिसमें लोग कजलियों को सिर पर रखकर पैदल यात्रा करते हुए नदी और तालाब तक पहुंचे। वहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद कजलियों का जल में विसर्जन किया गया। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को कजलियां भेंट कर भाईचारे और एकता का संदेश दिया।

**पीढ़ियों से मनाया जा रहा है यह पर्व-** स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार कजलिया पर्व वर्षा की कामना, अच्छी फसल और गांव-नगर में सुख-शांति के लिए पीढ़ियों से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सभी उत्साह से शामिल होते हैं। कई स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और पारंपरिक नृत्य-गीत भी प्रस्तुत किए गए। पूरे दिन नगर और गांवों में उत्सव का माहौल रहा। जगह-जगह लोगों ने एक-दूसरे को बधाइयां दीं और पारंपरिक मिठाइयों का आदान-प्रदान कर त्यौहार की खुशियां साझा कीं।

## 19 छात्र-छात्राओं को साईकिल वितरित

**चिल्हारी, नवभारत 11 अगस्त।** जिले के मानपुर जनपद की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिल्हारी में स्कूल शिक्षा विभाग की निःशुल्क साईकिल वितरण योजना के अन्तर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिल्हारी में कक्षा नौवीं की दस छात्राओं एवं 9 छात्रों को साईकिल वितरित की गई। इस दौरान ग्राम के पूर्व सरपंच दिनेश कोल, विभागीय अधिकारी पीबी प्रजापति, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद मिश्रा, जिला व्यवसायिक समन्वयक कमलेश्वर सिंह, आईटी समन्वयक, प्राचार्य अरूण कुमार द्विवेदी उपस्थित रहे। साइकिल प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं में अपार प्रसन्नता देखीं गयी। उपस्थित अतिथियों के द्वारा विद्यार्थियों को प्रति दिन विद्यालय आने हेतु प्रेरित किया गया।

# वन्य जीव का सड़ा-गला शव मिला

▶ बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व नेशनल पार्क का मामला

**चिल्हारी।** जिले के मानपुर विस मुख्यालय क्षेत्र स्थित विश्व विख्यात बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में फिर एक बार वन्य जीव का सड़ा गला शव बरामद हुआ, जिसे वन विभाग ने कब्जे में लेते हुए पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

जानकारी अनुसार दिन सोमवार की सुबह बीट सलखनिया, रेंज पनपथा बफर क्षेत्र में सुबह बीट प्रभारी एवं श्रमिक जंगल क्षेत्र में पैदल गश्त पर थे। उसी दौरान गश्ती दल को सलखनिया बीट के कक्ष 601 आरएफ के घोघरा नाला के पास क्षेत्र में मृत वन्य प्राणी का शव दिखाई दिया। जो पूरी तरह सड़ गल जाने के कारण वह किस प्रजाति का है स्पष्ट नहीं हो पाया।

**बिसरा को परीक्षण के लिए भेजा गया-** वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उक्त वन्य प्राणी की मृत्य लगभग 4 से 5 दिन पूर्व का होना प्रतीत हो रहा है, जिसे कब्जे में लेते हुए निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार डॉग स्क्वॉड और मेटल डिटेक्टर से सर्चिंग किया गया तथा सोमवार की दोपहर डॉक्टर की टीम द्वारा विधिवत शव परीक्षण की कार्यवाही की गई। शव परीक्षण में वन्य प्राणी के सभी अंग मौजूद पाए गए। पीएम के दौरान बिसरा एकत्रित किया गया, जिसे परीक्षण हेतु भेजा जा रहा है। वन्य प्राणी की जांच रिपोर्ट आने के उपरांत ही वन्य प्राणी किस प्रजाति का है और किस कारण से मृत्यु हुई है ज्ञात हो पाएगा।



तिरंगा यात्रा ▶ हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत घर-घर तिरंगा फहराने की अपील

# जिले में गूंजे देशभक्ति के नारे, निकली तिरंगा रैलियां



**डिंडौरी नवभारत 11 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जिले में हर घर तिरंगा-हर घर स्वछता अभियान के तहत जगह-जगह तिरंगा यात्रा निकाली गईं। सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय प्रांगण से पुलिस विभाग की तिरंगा बाइक रैली का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर किया। नगर के मुख्य मार्गों से गुजरती यह रैली पुनः पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आकर संपन्न हुई।

रैली में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी, जनप्रतिनिधि और आम नागरिक शामिल हुए। रैली के माध्यम से जिलेवासियों से घर-घर तिरंगा फहराने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, धमनगांव में छात्रों की उत्साहपूर्ण तिरंगा रैली निकाली गई। विद्यालय परिसर से शुरू हुई यह रैली धमनगांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः विद्यालय में समाप्त हुई। पूरे मार्ग में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति और स्वच्छता से जुड़े नारे लगाकर लोगों को प्रेरित किया।




### छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लिए मार्च किया

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडौरी में भी तिरंगा रैली का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लिए नगर के मुख्य मार्गों पर मार्च किया और वंदे मातरम, भारत माता की जय जैसे गगनभेदी नारे लगाए। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर डिंडौरी की छात्राओं ने भी तिरंगा रैली में भाग लेकर जिलेवासियों को स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान न केवल देश के प्रति सम्मान का प्रतीक है, बल्कि स्वस्थ समाज की ओर बढ़ाया गया महत्वपूर्ण कदम भी है।

### 1.5 किलोमीटर लंबी यात्रा में 400 विद्यार्थी हुए शामिल

सांदीपनि विद्यालय नरिया के निद्यार्थियों ने राष्ट्रीय ध्वज की आन-बान-शान के लिए देश में मनाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष दयावती मरावी रहीं। तिरंगा यात्रा में स्कूली बच्चों ने हाथों में तिरंगा झंडा उठाकर भारत माता की जय, जय जवान-जय किसान व वंदे मातरम के नारे लगाते एवं झंडा ऊंचा रहे हमारा, वीर तुम बढ़े चलो, धीर तुम बढ़े चलो तथा लहर लहर लहराए हो गीत का गान करते हुए हुए ग्रामवासियों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। लगभग 1.5 किलोमीटर लंबी इस यात्रा में 400 विद्यार्थी हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए।